RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 18 मई 2025 | वर्ष 07 | अंक 29 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

## नालासोपारा : ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई : अगर एमसीए मुंबई में एक लाख क्षमता वाला दूसरा स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव रखता है तो महाराष्ट्र सरकार जमीन मुहैया कराएगी - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि देश को गौरवान्वित करने वाले सभी लोगों का सम्मान करना समाज का कर्तव्य है। फडणवीस ने यहां पूर्व आईसीसी, बीसीसीआई और एमसीए अध्यक्ष शरद पवार, पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर और हाल ही में सेवानिवृत्त टेस्ट क्रिकेटर रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड का अनावरण करने के समारोह में कहा, ''हमें उन लोगों का सम्मान करना चाहिए जिन्होंने हमें गौरवान्वित किया है।''''

अपने भाषण में मुख्यमंत्री फडणवीस ने वादा किया कि अगर एमसीए मुंबई में एक लाख क्षमता वाला दूसरा स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव रखता है तो महाराष्ट्र सरकार इस पर अनुकूल विचार करेगी और समर्थन के लिए उचित जमीन मुहैया कराएगी। फडणवीस ने यह भी उम्मीद जताई कि चार साल बाद जब एमसीए अपनी शताब्दी मनाएगा, तब ऐसा स्टेडियम बनाया जा सकेगा।

इस आयोजन के हिस्से के रूप में, एमसीए ने पूर्व मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले की स्मृति में शरद पवार स्टैंड, रोहित शर्मा स्टैंड, अजीत वाडेकर स्टैंड और एमसीए कार्यालय लाउंज का आधिकारिक रूप से अनावरण किया। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराकर काले एमसीए के अध्यक्ष बने थे। 2024 में ळ20 विश्व कप के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करते समय हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। उनके कार्यकाल के दौरान, एमसीए ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे, जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए अपने सभी लाल गेंद वाले खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई मैच फीस का मिलान करना शामिल था।

दिवंगत अजीत वाडेकर, जिनका प्रतिनिधित्व उनके परिवार ने किया था, भारत के पहले एकदिवसीय कप्तान थे और उन्होंने 1971 में

## पुणे आइईडी विस्फोटक निर्माण और परीक्षण मामले में वांटेड दो फरार आतंकियों को

# मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से एनआईए ने किया गिरफ्तार



**मुंबई :** एनआईए ने साल 2023 के पुणे आइईडी विस्फोटक निर्माण और परीक्षण मामले में वांटेड दो फरार आतंकियों को मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है. ये दोनों आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के सदस्य थे. गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अब्दुल्ला फैयाज शेख उर्फ डायपर वाला और तल्हा खान के रूप में हुई है. दोनों आरोपी इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में छिपे हुए थे और जब वे भारत लौटने की कोशिश कर रहे थे तभी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (टी-2) पर इमिग्रेशन ब्यूरो ने उन्हें रोका. इसके बाद एनआईए की टीम ने उन्हें हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया. पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे थे और एनआईए की विशेष अदालत, मुंबई द्वारा इनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे. एजेंसी ने दोनों पर 3 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था.

### क्या था मामला?

यह मामला आठ अन्य पहले से गिरफ्तार आईएसआईएस स्लीपर मॉड्यूल सदस्यों के साथ मिलकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने और देश में हिंसा व आतंक फैलाकर इस्लामी शासन स्थापित करने की साजिश से जुड़ा है. इनका मकसद देश की शांति और सांप्रदायिक सौहार्द को भंग करना था.

### अब्दुल्ला फैयाज शेख के घर पर विस्फोटक बनाने का काम

अब्दुल्ला फैयाज शेख ने पुणे के कोंढवा क्षेत्र में स्थित किराए पर घर लिया था, जहां पर दोनों आरोपी क्एऊ (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का निर्माण कर रहे थे. साल 2022-2023 के दौरान उन्होंने एक बम निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की थी और एक नियंत्रित विस्फोट के जरिए आईईडी का परीक्षण भी किया था.

एनआईए ने इस मामले में सभी 10 आरोपियों के खिलाफ यूएपीए, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है. जांच जारी है.

### पुणे बम विस्फोट में अन्य कई लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी :

* मोहम्मद इमरान खान
* मोहम्मद यूनुस साकी
* अब्दुल कादिर पठान
* सिमाब नासिरुद्दीन काजी
* जुल्फिकार अली बारोडावाला
* शमिल नाचन
* आकिफ नाचन
* शाहनवाज आलम

## मुंबई : कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सेलुलर जेल का दौरा किया



**मुंबई :** महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सेलुलर जेल का दौरा किया, जहां विनायक दामोदर सावरकर ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान अपनी सजा काटी थी। शेलार ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अंडमान और निकोबार में सेलुलर जेल की उस अंधेरी कोठरी में गया, जहां अत्याचारी ब्रिटिश शासन ने स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को कारावास की सजा काटने के लिए कैद किया था, और सावरकर की मूर्ति के सामने सिर झुकाया। शेलार ने सेलुलर जेल में सावरकर को झेली गई यातनाओं को याद करते हुए कहा, ''जिन दीवारों पर सावरकर ने अपनी अमर कविताएँ लिखीं, उन्हें छूकर मैं रोमांच से भर गया। वह जेल, सावरकर द्वारा पहनी गई रस्सी और उन वस्तुओं को देखकर, कोई भी कल्पना कर सकता है कि भारत माता के इस महान सपूत ने कितनी घातक यातनाएँ झेली होंगी... लेकिन साथ ही, ''अनादि मि अनंत मि'' अवध्या मि भला... इन पंक्तियों का अर्थ भी सामने आने लगता है।''

## मुंबई: मुख्य सचिव पद पाने के लिए वरिष्ठ सिविल सेवकों के बीच खींचतान शुरू

**मुंबई :** राज्य प्रशासन में सबसे सम्मानित और प्रभावशाली पदों में से एक मुख्य सचिव का पद जल्द ही रिक्त हो जाएगा। क्योंकि मौजूदा मुख्य सचिव सुजाता सौनिक 30 जून को सेवानिवृत्त हो रही हैं। इससे पहले मुख्य सचिव पद पाने के लिए वरिष्ठ सिविल सेवकों के बीच खींचतान शुरू हो गई है। मिल रहे संकेतों के अनुसार, मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त भूषण गगरानी रेस में आगे चल रहे हैं।

सूत्रों का ऐसा दावा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और





उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ-साथ अजीत पवार भी गगरानी को मुख्य सचिव बनाने के पक्ष में हैं। गगरानी का कार्यकाल मार्च 2026 में समाप्त हो रहा है, इसलिए उन्हें मुख्य सचिव के रूप में लंबा कार्यकाल दिया जा सकता है।

मुख्य सचिव राज्य प्रशासन का सर्वोच्च पद होता है। राज्य सरकार की नीतियों की निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

इसलिए यह पद न केवल प्रतिष्ठा बल्कि शक्ति और निर्णय लेने की शक्ति के मामले में भी बहुत प्रभावशाली माना जाता है। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक की सेवानिवृत्ति होने का दिन करीब आने के साथ ही राजनीतिक हलकों में उनके विकल्प को लेकर उत्कंठा बढ़ने लगी है। दूसरी तरफ सरकार की ओर से भी नए चेहरे की तलाश तेज कर दी गई है।

## मुंबई: अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 3.86 करोड़ रुपये मूल्य का 4,015 ग्राम सोना जब्त



**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। अदीस अबाबा से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे चाड के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। इसके पास से 3.86 करोड़ रुपये मूल्य का 4,015 ग्राम सोना जब्त किया गया, जिसे उसने अपनी चप्पलों की एड़ी में छिपाकर रखा था।

विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई के अधिकारियों ने मुंबई पहुंचने के तुरंत बाद ही चाड के नागरिक को पकड़ा। उसने बेहद चतुराई से चप्पल की एड़ी में सोने के कई ''बार'' छुपा रखे थे।

### चप्पल के सोल के नीचे था सोना

अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चाड के नागरिक ने सीमा शुल्क जांच और कानूनी पहचान से बचने के लिए असामान्य तरीके से सोना छिपाया था।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### कम चीनी उत्पादन

चालू पेराई सीजन के दौरान महाराष्ट्र की चीनी मिलों में जल्द ताला लगने के कारण चीनी उत्पादन पिछले सीजन की तुलना में 29 लाख टन गिर गया है। पुणे में चीनी आयुक्तालय कार्यालय के अनुसार, 15 नवंबर को शुरू हुए पेराई सीजन में 200 चीनी मिलें संचालित थीं। इन मिलों ने कुल 81 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है। उत्पादन का यह आंकड़ा 2023-24 सत्र में उत्पादित 110 लाख टन चीनी से लगभग 29 लाख टन कम है। पिछले सीजन में 208 मिलें गन्ना पेराई के काम में लगी हुई थीं। 2024-25 में प्रदेश की चीनी मिलों ने 850 लाख टन गन्ने की पेराई की है। वहीं, बीते सत्र में 1,070 लाख टन गन्ने की पेराई की गई थी। इसके अलावा, औसत चीनी रिकवरी दर भी 10.27 फीसदी से घटकर चालू सीजन में 9.5 फीसदी पर लुढ़की है।

इस बार गन्ना पेराई सीजन की अवधि कम रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश की चीनी मिलें अधिकतम 90 दिनों तक ही संचालित हो पाई हैं। वहीं, बीते सालों में औसतन चीनी मिले 130-150 दिनों के बीच संचालित रही हैं। जनवरी में प्रदेश की 11 मिलों, फरवरी में 95 मिलों, मार्च में 89 मिलों, अप्रैल में 4 मिलों और मई में एक मिल ने पेराई का काम पूरा किया। पेराई सत्र के अंत की आधिकारिक घोषणा 14 मई को की गई थी। टीओआई रिपोर्ट के अनुसार, कोल्हापुर के चीनी उद्योग विशेषज्ञ विजय औताडे के अनुसार, औसत पेराई दिनों में गिरावट, चीनी मिलों की वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा करती है। गन्ना पेराई में गिरावट के कारण मिलों को पिछले वर्ष की तुलना में 10,700 करोड़ रुपये का अनुमानित घाटा हुआ, जबकि कम चीनी रिकवरी दर ने 2,960 करोड़ रुपये का अतिरिक्त घाटा दिया। कम लाभप्रदता के कारण बहुत कम मिलें किसानों को उनके गन्ने के लिए उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) का भुगतान करने की स्थिति में हैं। चीनी उद्योग विशेषज्ञ के अनुसार, बीते साल बेमौसम बारिश हुई थी। वहीं, जब खासकर गन्ने की फसल को पकने के चरण में बारिश की जरूरत थी, तब मौसम शुष्क रहा। इससे गन्ने का विकास प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि गन्ना के जल्दी पकने से फसल के प्रति एकड़ टन उत्पादन में गिरावट आई और यही चीनी उत्पादन में गिरावट का कारण बना है। चीनी उद्योग विशेषज्ञ और मिल मालिक अब मांग कर रहे हैं कि चीनी का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 42 रुपये प्रति किलोग्राम किया जाना चाहिए, साथ ही इथेनॉल खरीद दरों में भी इतनी ही वृद्धि की जानी चाहिए।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# ठाणे : डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे गुट पर साधा निशाना

## बालासाहेब के आदर्शों पर चलते, तो आज नरक में स्वर्ग की तलाश नहीं कर रहे होते



**ठाणे :** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने संजय राउत की किताब नरकातला स्वर्ग के विमोचन से पहले उद्धव ठाकरे गुट पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्होंने सत्ता के लिए बालासाहेब ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा छोड़ दी। अगर वे बालासाहेब के आदर्शों पर चलते, तो आज नरक में स्वर्ग की तलाश नहीं कर रहे होते। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने (शिवसेना यूबीटी) सांसद संजय राउत के किताब नरकातला स्वर्ग (नरक में स्वर्ग) के विमोचन से पहले उद्धव गुट पर तीखी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने सिर्फ सत्ता के लिए बालासाहेब ठाकरे की हिंदुत्व की विचारधारा को छोड़ दिया है। बता दें कि डिप्टी सीएम शिंदे का ये बयान संजय राउत की किताब नरकातला स्वर्ग (नरक में स्वर्ग) के विमोचन से ठीक पहले आया है। किताब का विमोचन शनिवार शाम मुंबई में होगा।

### बालासाहेब ठाकरे सच्चे हिंदुत्व के प्रतीक थे- शिंदे

ठाणे में शुक्रवार रात पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिंदे ने कहा कि अगर वे बालासाहेब की विचारधारा के प्रति वफादार रहते, तो आज नरक में गिरकर स्वर्ग की तलाश नहीं कर रहे होते। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे सच्चे हिंदुत्व के प्रतीक थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कामों की हमेशा सराहना करते थे। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ने मोदी-शाह की दूरदर्शिता और देश के लिए उनके काम को पहचाना था।

### उद्धव ठाकरे की ओर किया निशाना

इसके साथ ही शिंदे ने उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना निशाना साधा। उन्होंने इशारों-इशारों में कहा कि जो लोग अब कांग्रेस के साथ खड़े हैं, वे बालासाहेब की सोच को कभी नहीं समझ सकते। शिंदे ने कहा कि उन्होंने बालासाहेब की विरासत से खुद को बहुत दूर कर लिया है। गौरतलब है कि 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद शिवसेना दो गुटों में बंट गई थी और उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

# नालासोपारा : ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़



**नालासोपारा :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में पुलिस ने एक बड़ी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. इस मामले में 5.6 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन ड्रग्स के साथ एक 26 वर्षीय नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया गया है. उसका एक साथी फरार है. पुलिस को संदेह है कि दोनों मिलकर इलाके में ड्रग्स के प्रोडक्शन और सप्लाई का नेटवर्क चला रहे थे.

महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में पुलिस ने एक बड़ी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. इस मामले में 5.6 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन ड्रग्स के साथ एक 26 वर्षीय नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया गया है. उसका एक साथी फरार है. पुलिस को संदेह है कि दोनों मिलकर इलाके में ड्रग्स के प्रोडक्शन और सप्लाई का नेटवर्क चला रहे थे.

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पालघर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नालासोपारा के प्रगति नगर इलाके में एक महिला प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का उत्पादन कर रही है. इस सूचना के आधार पर शुक्रवार शाम पुलिस की एक टीम ने मौके पर छापेमारी कर दी. इस छापे के दौरान एक घर में ड्रग फैक्ट्री मिली, जहां मेफेड्रोन का उत्पादन किया जा रहा था. पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान रीता फाति कुरेबेवेई के रूप में हुई है. वो नाइजीरिया की रहने वाली है. छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में तैयार मेफेड्रोन, कच्चा माल, रासायनिक उपकरण और उत्पादन से जुड़ा अन्य सामान जब्त किया गया है. जब्त किए गए ड्रग्स की बाजार में अनुमानित कीमत 5.6 करोड़ रुपए बताई जा रही है.

# मुंबई: सचिन तेंदुलकर को बीसीसीआई ने सम्मानित करते हुए दिया खास तोहफा



**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को सम्मानित करते हुए उन्हें खास तोहफा दिया। बोर्ड ने उन्हें मुंबई स्थित बीसीसीआई हेडक्वार्टर में बोर्डरूम समर्पित किया। इसका उद्घाटन भी पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने किया। इस दौरान बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला मौजूद रहे।

### "मेरे लिए दिल को छू लेने वाला पल है"

इस दौरान सचिन तेंदुलकर बीसीसीआई का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- सबसे पहले रोजर, सैकिया जी, राजीव राय और रोहन का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। आपको यकीन नहीं होगा कि मैं पहली बार ऐसा असल जिंदगी में देख रहा हूं। क्योंकि यहीं से मेरे लिए यह सब शुरू हुआ था। मेरे नाम पर एक कमरे का नाम रखा जाना, मेरे लिए वाकई दिल को छू लेने वाला पल है।

### "ये अनमोल पल हैं"

उन्होंने आगे कहा, इसकी खासियत ये अनमोल ट्रॉफियां हैं। यह इस बात का प्रतिबिंब है कि आधिकारिक धारक और खिलाड़ी किस तरह से योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में सक्षम रहे हैं, जिससे देश को यह हासिल करने में मदद मिली है। इसलिए ये अनमोल पल हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है।

### बीसीसीआई ने शुरू की नई पहल

बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय क्रिकेटरों को उनके योगदान के लिए सम्मानित करने के लिए नई पहल शुरू की है। हाल ही में बोर्ड ने पूर्व भारतीय कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को भी मुंबई स्थित हेडक्वार्टर में बोर्डरूम के जरिए सम्मानित किया था। इसका नाम ''10000 गावस्कर'' है। शनिवार को बीसीसीआई ने सचिन तेंदुलकर को ''एसआरटी 100'' नाम से बोर्डरूम समर्पित किया।

# ठाणे : उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों से किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाने के लिए कहा

**ठाणे :** देशभर में जैवकि, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और खेती में मशीनों के इस्तेमाल से समय और लागत बचाने पर जोर दिया जा रहा है. इस बीच, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों से बात करते हुए किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाने के लिए कहा है. इस दौरान शिंदे ने जैविक और खेती में मशीनों के इस्तेमाल की ओर रुख करने की जरूरत पर जोर दिया. ठाणे के संरक्षक मंत्री शिंदे खरीफ सीजन से पहले जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे.



### किसानों को मिले योजनाओं का लाभः शिंदे

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शिंदे के हवाले से कहा गया कि किसानों को समूह, जैविक और मशीनीकृत खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और इन किसानों को योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जाना चाहिए. उन्होंने विविध फसलों को बढ़ावा देने सहित बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का आ''न किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि मॉनसून सीजन से पहले जल निकायों पर काम पूरा हो जाए.

### अच्छे खाद-बीज उप्लब्ध कराने के दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर क्वालिटी से भरपूर बीज और खाद उपलब्ध कराए जाने चाहिए और उन्हें मिट्टी की बनावट में सुधार के लिए जरूरी ट्रेनिंग दी जानी चाहिए. शिंदे ने कहा कि फल फसल बीमा योजना और मुख्यमंत्री सतत कृषि योजना जैसी पहलों को व्यापक प्रचार की जरूरत है. उन्होंने शत-प्रतिशत खरीफ लोन वितरण और समय पर किसानों का एग्रीस्टैक रजिस्ट्रेशन कराने के लिए भी कहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र पीएम किसान लाभार्थी छूट न जाए.

वहीं, महाराष्ट्र एनसीपी (शरद पवार) के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने शनिवार को बेमौसम बारिश के कारण किसानों को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की और प्रभावितों के लिए तत्काल मदद की मांग की. पाटिल ने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है और मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश होने का अनुमान लगाया है. उन्होंने एक बयान में कहा कि राज्य में भारी बेमौसम बारिश हो रही है और कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि की खबर है.

इससे फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है और मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश होने का अनुमान लगाया है. इसलिए वह सरकार से प्रभावित किसानों को तत्काल मदद पहुंचाने का आग्रह कर रहे हैं. उन्होंने वाशिम जिले के मनोरा में एक दुखद घटना का हवाला दिया, जहां एक किसान की फसल मूसलाधार बारिश में बह गई. पाटिल ने मांग की कि सरकार प्रभावित किसानों को राहत और मदद देने के लिए त्वरित कार्रवाई करे.

# मुंबईः अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और ताज महल पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और ताज महल पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस संबंध में मुंबई पुलिस को ईमेल मिला है। मुंबई एयरपोर्ट पुलिस के आधिकारिक ईमेल आईडी पर मैसेज किया गया है।

### ईमेल में अफजल और सेवकु शंकर की "अन्यायपूर्ण" फांसी का जिक्र

ईमेल भजने वाले ने मेल में आतंकी अफजल गुरु और सेवकु शंकर की ''अन्यायपूर्ण'' फांसी का हवाला दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरा मेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मामले में गहन जांच चल रही है। मेल में आरोप लगाया गया है कि अफजल गुरु और सेवकु शंकर को अन्यायपूर्ण तरीके से फांसी दी गई थी। इसे औचित्य के रूप में इस्तेमाल करते हुए, प्रेषक ने शहर के दो सबसे हाई-प्रोफाइल स्थानों पर आसन्न हमलों की धमकी दी है।

### स्कैन करने के लिए टीमें तैनात की गई

ईमेल प्राप्त होने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस हरकत में आई और गहन जांच शुरू की। हवाई अड्डे और होटल परिसर को स्कैन करने के लिए टीमों को तैनात किया गया है। हालांकि, अब तक, कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं मिली है। अधिकारी वर्तमान में ईमेल के स्रोत का पता लगाने और धमकी के पीछे व्यक्ति की पहचान करने के लिए काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को भी सतर्क कर दिया गया और मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

### दोनों स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई गई

अधिकारियों के अनुसार, दोनों स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मुंबई के प्रमुख बुनियादी ढाँचे के आसपास सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 13 मई को दक्षिण मुंबई में स्थित महाराष्ट्र सरकार के प्रशासनिक मुख्यालय मंत्रालय में बम विस्फोट की चेतावनी वाला एक ईमेल मिला था। आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारी को मिले इस गुमनाम ईमेल में कहा गया था कि 48 घंटे के भीतर विस्फोट होगा, लेकिन इसमें किसी स्थान का उल्लेख नहीं किया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

## 27 IPS अफसरों का तबादला; प्रसाद अक्कानवारु को राज्य के सिक्योरिटी कॉपोर्रेशन का डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल नियुक्त

**मुंबई :** महाराष्ट्र में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखा गया है। सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के 27 अफसरों का तबादला कर दिया है। वहीं, मरोल में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के प्रिंसिपल रहे प्रसाद अक्कानवारु को राज्य के सिक्योरिटी कॉपोर्रेशन का डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल नियुक्त किया गया है।




महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के 27 कद्दर अफसरों का ट्रांसफर किया है। इनमें से कुछ अधिकारियों की लिस्ट सामने आ गई है। तो आइए जानते हैं सरकार ने किस कद्दर अधिकारी को कौन सा पद सौंपा है?

## बीयर से लदा ट्रक अचानक से सड़क पर पलट गया; घायल चालक और क्लीनर को अनदेखा कर लोगों ने बीयर चुराया

**मुंबई :** महाराष्ट्र के एमआईडीसी क्षेत्र में एक बीयर से लदा ट्रक अचानक से सड़क पर पलट गया, जिसके कारण उसके अंदर रखी बीयर की पेटियां सड़क पर बिखर गई. जैसे ही लोगों को इसकी सूचना मिली, कुछ ही देर में ट्रक के पास भीड़ जुट गई. हालांकि इन लोगों ने ट्रक चालक और सह-चालक की मदद करने की जहग बीयर की पेटियां उठाकर ले जाने पर जोर दिया. जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में चालक और सह-चालक को मामूली चोटें आई हैं. घायल चालक और क्लीनर को अनदेखा कर लोगों ने बीयर चुराना शुरू कर दिया.

वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. ट्रक में रखी अधिकांश बीयर की पेटियां गायब हो चुकी थीं. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ट्रक पलटने की वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है.

## 50 लाख रुपये की विदेशी शराब की 800 पेटी जब्त; चालक गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में आबकारी विभाग के अधिकारियों ने एक वाहन में गोवा से तस्करी कर लाई जा रही 50 लाख रुपये की कीमत की भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) की 800 पेटी जब्त की और चालक को गिरफ्तार कर लिया। ठाणे के राज्य आबकारी विभाग के अधीक्षक प्रवीण तांबे ने बताया कि एक दस्ते ने शुक्रवार शाम को एक खुफिया जानकारी के आधार पर ठाणे शहर से लगभग नौ किलोमीटर दूर मुंब्रा क्षेत्र में एक टेंपो को रोका। उन्होंने बताया, ''जब्त की गई आईएमएफएल गोवा में निर्मित थी। महाराष्ट्र में इसकी बिक्री प्रतिबंधित है।'' उन्होंने कहा कि 50 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न ब्रांड की शराब की 800 पेटी जब्त की गई। तांबे ने कहा कि शराब तस्करी गिरोह का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## असमय बारिश से फसलों को हुए नुकसान; प्रभावित किसानों को त्वरित सहायता देने की मांग - जयंत पाटिल

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने शनिवार को राज्य में असमय बारिश से फसलों को हुए नुकसान पर चिंता जताई और प्रभावित किसानों को त्वरित सहायता देने की मांग की। पाटिल ने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में असमय बारिश के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है और मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी बारिश की चेतावनी दी है। उन्होंने एक बयान में कहा, ''राज्य में असमय भारी बारिश हो रही है और कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई हैं। इससे फसलों को काफी नुकसान हुआ है और मौसम विभाग ने आगामी दिनों में और बारिश का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। मैं राज्य सरकार से अपील करता हूं कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाए।'' उन्होंने वाशिम जिले के मनोरा में बारिश के कारण एक किसान की फसल बह जाने की दुखद घटना का हवाला दिया। पाटिल ने सरकार से प्रभावित किसानों को त्वरित राहत और सहायता देने की मांग की।

## मुंबई : जहाज निर्माण नीति को मंजूरी

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की समुद्री अवसंरचना को विकसित करने और जहाज मरम्मत एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के लिए जहाज निर्माण नीति को मंजूरी दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछली कैबिनेट बैठक में ''महाराष्ट्र शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर एंड शिप रिसाइकलिंग फैसिलिटी डेवलपमेंट पॉलिसी 2025'' को मंजूरी दी गई थी और एक शासन आदेश (जीआर) जारी किया गया।

अधिकारी ने कहा कि इस निर्णय से जहाज निर्माण, मरम्मत और पुनर्चक्रण उद्योगों को बढ़ावा मिलने और नयी परियोजनाओं में निवेश होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस कदम से केंद्र सरकार को विदेशी मुद्रा अर्जित करने में भी मदद मिलेगी। अधिकारी ने बताया कि आर्थिक और औद्योगिक विकास को गति देने में समुद्री क्षेत्र के महत्व को समझते हुए राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में आधारभूत अवसंरचना विकसित करने की जरूरत पर ध्यान दिया है। सरकार ने राज्य के तटीय क्षेत्रों के निकट छोटे बंदरगाहों को विनियमित और विकसित करने के लिए ''महाराष्ट्र बंदरगाह विकास धोरण-2023 बनाई हुई है, लेकिन नयी नीति में जहाज निर्माण, मरम्मत और पुनर्चक्रण के लिए विशेष प्रावधान हैं।

## मुंबई : 15 वर्षीय किशोर का अपहरण; 12 लाख रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में दो गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में 15 वर्षीय किशोर का अपहरण करने और 12 लाख रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी 14 मई की रात को घणसोली स्थित किशोर के घर पहुंचे और पीड़ित के पिता से चार लाख रुपये के लेन-देन को लेकर बहस की।

कोपरखैरणे पुलिस थाना क्षेत्र के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने कथित रूप से किशोर की पिटाई की और वे उसे कार में जबरन बैठाकर ले गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने किशोर को छोड़ने के बदले 12 लाख रुपये की मांग की।

अधिकारी ने बताया कि पीड़ित के पिता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(2) (हत्या अथवा फिरौती के लिए अपहरण) के तहत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सहायक पुलिस निरीक्षक सुनील बोडके ने बताया कि किशोर को कुछ ही घंटों में रबाले इलाके से सकुशल बचा लिया गया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में पुलिस ने राज उदय भालेराव (32) और यश सतीश गरुड (26) को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं।

# मुंबई : निकाय चुनाव कुछ जगह अकेले-अकेले हर जगह महायुति नहीं लड़ेगी - फडणवीस

**मुंबई :** लोकसभा में बड़े झटके के बाद विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र के देवाभाऊ बनकर उभरे सीएम फडणवीस ने लोकल बॉडी इलेक्शन को लेकर बड़ा बयान दिया है। सीएम फडणवीस ने कहा है कि निकाय चुनावों पर फडणवीस का कुछ जगह अकेले-अकेले हर जगह महायुति नहीं लड़ेगी। सीएम फडणवीस का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब महायुति में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शरद गुट के एक होने की अटकलें लग रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को पुणे में कहा कि उनकी सरकार राज्य में तय समय पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने का प्रयास करेगी। सीएम ने यह भी कहा कि चुनाव कराने को लेकर कोई जल्दी नहीं है।

**फडणवीस ने खोल दी खिड़की**

सीएम फडणवीस ने कहा कि महायुति गठबंधन, जहां भी संभव होगा, मिलकर यह चुनाव लड़ेगा। हालांकि जहां सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाती, वहां घटक दल स्वतंत्र रूप से अकेले चुनाव लड़ सकते हैं। फडणवीस ने महायुति में दोनों बड़े घटक दलों शिवसेना और एनसीपी के लिए अलग लड़ने के खिड़की खोल दी है। महाराष्ट्र में



काफी समय से चर्चा है कि स्थानीय निकाय चुनावों में हो सकता है कि महायुति और महाविकास आघाड़ी के घटक एकजुट न रह पाएं क्योंक स्थानीय स्तर पर दोनों पार्टियों में काफी नेता लड़ने के इच्छुक हैं। महायुति में बीजेपी-एनसीपी और शिवसेना प्रमुख घटक हैं। हालांकि इसके अलावा कुछ छोटी पार्टियां भी हैं।

**फडणवीस ने बताया फॉर्मूला**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि महायुति के सहयोगी दल चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे की आलोचना करने से बचेंगे। फडणवीस नगर आयुक्तों और नगर परिषद के मुख्य अधिकारियों की एक कार्यशाला में भाग लेने के लिए पुणे में थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि हम राज्य में निकाय चुनाव समय पर कराने का प्रयास करेंगे। गौरतलब हो कि महायुति ने लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव मिलकर लड़े थे। लोकसभा चुनावों में एमवीए को बढ़त रही थी तो वहीं विधानसभा चुनावों में बड़ा खेला हुआ था। महायुति को प्रचंड जीत मिली थी।

**चुनाव कराने का बताया प्लान**

फडणवीस ने कहा कि महायुति के घटक साथ में चुनाव लड़ेंगे लेकिन कहीं अगर अलग लड़ने की संभावना बनती है तो अलग लड़ेंगे। निकाय चुनावों को राज्य में मिनी असेंबली इलेक्शन माना जा रा है। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जल्द चुनाव कराने पर फडणवीस ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में मानसून अधिक तीव्र होता है, तो आवश्यकता पड़ने पर हम निर्वाचन आयोग से 15-20 दिन का विस्तार मांगेंगे। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि हो सकता है पूरे राज्य में एक साथ न चुनाव हों।

## मुंबई : अटल सेतु पर कार के डंपर से टकराने के कारण एक व्यक्ति की मौत



**मुंबई :** मुंबई में अटल सेतु पर एक कार के डंपर से टकराने के कारण कार में सवार 28 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सेवरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना पुल की शुरूआत से करीब आठ किलोमीटर दूर तड़के 2:30 बजे घटी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''''मुंबई से पनवेल की ओर जा रही तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार एक डंपर से टकरा गई। कार चला रहे चेंबूर निवासी पुनीत सिंह माजरा की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर अटल सेतु की साइड रेलिंग से जा टकराया। इस दुर्घटना में डंपर का चालक भी घायल हो गया।''''

उन्होंने बताया कि दुर्घटना के संबंध में सेवरी पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच जारी है।

## ठाणे : गवाही में विसंगतियों का हवाला; दुष्कर्म और मानव तस्करी के एक मामले में तीन आरोपी बरी

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक विशेष अदालत ने दुष्कर्म और मानव तस्करी के एक मामले में तीन आरोपियों को पीड़िता की गवाही में विसंगतियों का हवाला देते हुए बरी कर दिया। आरोपियों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज था। विशेष न्यायाधीश डीएस देशमुख ने राधिका उर्फ मुस्कान विनोद जाधव, संजीव उर्फ बंटी ध्रुव वर्मा और फरार मुख्य आरोपी प्रवीण ओमप्रकाश मिश्रा को अपहरण, दुष्कर्म और मानव तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया। अदालत के नौ मई के आदेश की एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई।

तीनों आरोपियों के खिलाफ 2015 में भारतीय दंड संहिता, पॉक्सो अधिनियम और अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार मिश्रा ने अगस्त 2015 में एक नाबालिग



लड़की का यौन उत्पीड़न किया था और बाद में उसे जाधव के पास छोड़ दिया, जिसने कथित तौर पर पीड़िता को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया और इस अपराध में वर्मा शामिल था।

न्यायाधीश देशमुख ने पीड़िता की उम्र के बारे में एक महत्वपूर्ण विसंगति पर गौर किया और कहा कि घटना के समय वह नाबालिग नहीं थी। पीड़िता की गवाही सीधे तौर पर अभियोजन पक्ष के दावों का खंडन करती है। न्यायाधीश ने पाया कि पीड़िता की गवाही से संकेत मिलता है कि वह फरार आरोपी प्रवीण मिश्रा के साथ गई थी और उससे शादी कर ली थी।

अदालत ने कहा कि मिश्रा के साथ संबंध बनाने के बाद पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया था और उसने वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किए जाने से इनकार किया। पीड़िता के पिता भी अभियोजन पक्ष के मुख्य आरोपों को साबित नहीं कर पाए। पिता ने कहा कि उनकी बेटी उस समय 18 वर्ष से अधिक की थी और उन्होंने किसी प्रकार के प्रलोभन या जबरन वेश्यावृत्ति के दावों की पुष्टि नहीं की।

## नांदेड़: 10वीं कक्षा में 73% अंक लाने के बावजूद छात्रा ने कर ली खुदकुशी



**नांदेड़:** महाराष्ट्र के नांदेड़ में दो दिनों में दो छात्रों ने खुदकुशी की है। इन घटनाओं से इलाके में हड़कंप है। दरअसल 10वीं कक्षा में 73% अंक लाने के बावजूद एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। वहीं दूसरी ओर शिक्षक द्वारा मानसिक प्रताड़ना के कारण नर्सिंग कॉलेज के तीसरे साल के एक छात्र ने भी जान दे दी। मृतक छात्र की मां और बहन ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं।

अंबानगर निवासी एक छात्रा रोशनी पगारे ने 10वीं कक्षा में कम अंक आने से निराश होकर अपने घर पर पंखे से रस्सी बांधकर खुदकुशी कर ली। यह मामला बुधवार के शाम चार बजे के दौरान सामने आया। घटना 14 मई को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सांगवी इलाके के अंबानगर में घटी। मृतक लड़की का नाम रोशनी पगारे है। रोशनी ने 10वीं कक्षा में 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। वह 80 से 85% अंक न मिलने के कारण हताश थी। रोशनी पगारे सावित्रीबाई फुले स्कूल में थी। वह स्कूल में एक होशियार लड़की के रूप में जानी जाती थी।

दूसरे दिन नांदेड़ में एक घटना सामने आई जहां एक नर्सिंग छात्र ने अपने कॉलेज के शिक्षकों द्वारा परेशान किए जाने के बाद गोदावरी नदी में कूदकर खुदकुशी कर ली। छात्र 12 मई से लापता था। उसका शव 15 मई को हासापुर के पास गोदावरी नदी में मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेजा गया। इस मामले में खुसरवाड़ी स्थित मेमोरियल स्कूल ऑफ नर्सिंग के शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर छात्रों ने गुरुवार को पूरे दिन धरना दिया। इस मामले में वजीराबाद पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस निरीक्षक परमेश्वर कदम ने बताया कि मामले की आगे जांच की जा रही है। छात्र पुनीत विनोदराव वाटेकर की उम्र 20 साल थी। वह खुसरवाड़ी स्थित मेमोरियल स्कूल ऑफ नर्सिंग में तीसरे वर्ष के छठे सेमेस्टर का छात्र था।

यह छात्र मूल रूप से अमरावती जिले के शिरसोली का रहने वाला था। वह धनगरवाड़ी में किराए पर रह रहा था। उनकी बहन श्वेता वाटेकर भी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। फिलहाल कॉलेज में परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। छात्रों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज स्टाफ छात्रों पर इस कोर्स के असाइनमेंट पूरा करने के लिए दबाव बना रहा था।

## मुंबई: मनपा चुनाव; सभी सियासी दलों की चुनावी तैयारियां भी तेज

**मुंबई :** निकाय चुनाव की पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र के सभी सियासी दलों की चुनावी तैयारियां भी तेज गई हैं। संभावित निकाय चुनावों को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने भी अपने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण आदेश दिया है। राज ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट रूप से कह दिया है कि वे किसी से युति या गठबंधन का इंतजार किए बिना चुनावी तैयारी शुरू कर दें। इससे राज की भूमिका पर एक बार फिर से सवाल उठने लगे हैं।

**दुविधा में सियासी दल के नेता**

सितंबर-अक्टूबर में निकाय चुनाव कराए जाने की चर्चाओं के बीच राज ठाकरे ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा है कि गठबंधन या युति का इंतजार न करें। उसके बारे में मैं देखता हूं कि क्या करना है, आप चुनाव की तैयारी शुरू कर दें। मनसे कार्यकर्ताओं को दिए गए राज के हालिया संदेश से राज ने मनपा चुनाव भी विधानसभा की तर्ज पर अपने दम पर लड़ने के संकेत दिए हैं। लेकिन अचानक मिले राज के इस आदेश के कारण मनसे कार्यकर्ताओं के साथ-साथ राज्य के कई सियासी दलों के प्रमुख नेता भी दुविधा में पड़ गए हैं।

**उद्धव की शिवसेना से गठबंधन पर सस्पेंस**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना तथा राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा था। चुनाव में मनसे का एक भी उम्मीदवार नहीं जीता था तो वहीं उद्धव की शिवसेना को 20 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। जिसके बाद राज ठाकरे ने महाराष्ट्र और महाराष्ट्र के मराठी भाषी लोगों के हित के लिए उद्धव के साथ जाने को तैयारी दर्शाई थी। जिस पर उद्धव ने भी सकारात्मक प्रतिसाद दिया था। इसी के साथ राज्य में राज की मनसे तथा उद्धव की शिवसेना के गठबंधन की चर्चा जोरों पर चलने लगी थी।

# अहमदनगर : हथियार खरीदने आए थे; पुलिस से बचने की कोशिश में पेड़ से टकरा गई कार

**अहमदनगर :** बड़वानी जिले में पुलिस ने महाराष्ट्र के तीन युवकों को हथियारों के साथ पकड़ा है। ये युवक यूट्यूब पर देखकर हथियार खरीदने के लिए उमरठी गांव आए थे। पुलिस से बचने की कोशिश में उनकी कार एक पेड़ से टकरा गई। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। युवकों ने बताया कि वे अपने खेतों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए हथियार खरीदने आए थे। बड़वानी पुलिस को खबर मिली थी कि कुछ लोग हथियार खरीदने के लिए आने वाले हैं। वरला थाना प्रभारी सौरभ बाथम ने बताया कि पुलिस ने वरला-बलवाड़ी रोड पर एक होटल के सामने एक कार को रोकने की कोशिश की। लेकिन कार सवार भागने लगे। भागने के दौरान उनकी कार एक पेड़ से टकरा गई।

### कार के साथ इतने हथियार पकड़ाए

पुलिस ने कार में बैठे तीनों युवकों को पकड़ लिया। उनकी पहचान यूसुफ चौगुले, गणेश गायकवाड और राहुल अडाव के रूप में हुई। ये तीनों महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के रहने वाले हैं।



पुलिस ने उनके पास से दो देशी पिस्तौल, चार देसी कट्टे और चार कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने उनकी वर्ना कार को भी जब्त कर लिया है।

### युवकों पर थानों में कई मामले दर्ज

पुलिस के अनुसार यूसुफ के खिलाफ अहमदनगर में दो मामले दर्ज हैं। गणेश गायकवाड के खिलाफ महाराष्ट्र के अलग-अलग थानों में 6 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### उमरठी गांव हथियार के लिए बदनाम

बड़वानी जिले का वरला थाना क्षेत्र का उमरठी गांव देसी पिस्तौल और कट्टे बनाने के लिए बदनाम है। यहां बने हथियारों की डिमांड कई राज्यों में रहती है। युवकों ने पुलिस को बताया कि उनके खेतों में सूअर आ जाते हैं। जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं और फसल भी खराब हो जाती है। इसलिए वे यहां हथियार खरीदने आए थे।

### यूट्यूब पर देखा वीडियो

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें यूट्यूब पर बड़वानी जिले के उमरठी में हथियार बनाए जाने की जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने उमरठी जाने की योजना बनाई। वे कार से उमरठी पहुंचे और एक अज्ञात सिकलीगर से 6 हथियार खरीदे।

# मुंबई: पुलिस ने कई पुलिस स्टेशनों में चाइल्ड फ्रेंडली जोन शुरू किए




**मुंबई :** पुलिस ने बच्चों के खिलाफ अपराधों को कम करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं. लेकिन बच्चों को पुलिस स्टेशन में आना पड़ता है, जिससे वे डर जाते हैं और जांच में सहयोग नहीं कर पाते. इस समस्या का समाधान करने के लिए मुंबई पुलिस ने कई पुलिस स्टेशनों में चाइल्ड फ्रेंडली जोन शुरू किए हैं.

### फ्रेंडली जोन की विशेषताएं

**बच्चों के अनुकूल सजावट:** गेम्स, खिलौने और कार्टून्स से सजा हुआ रूम

बच्चों के लिए आरामदायक वातावरण: बच्चों को डर से बचाने और जांच में सहयोग करने के लिए

**बच्चों को सहज महसूस कराना:** पुलिस स्टेशन में बच्चों को फ्रेंडली और रिलैक्स वातावरण प्रदान करना

**जांच में सहयोग:** बच्चों से जांच में सहयोग प्राप्त करने के लिए

इस फ्रेंडली जोन में बच्चों के लिए एक विशेष अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो बच्चों से बात करेंगे और उन्हें सामान्य महसूस कराते हुए जांच करेंगे. यह मुंबई में अपनी तरह का पहला फ्रेंडली जोन है. एनसीपीसीआर के गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक पुलिस स्टेशन पर एक ''बाल कल्याण पुलिस अधिकारी'' होना चाहिए, जो बच्चों से संबंधित मामलों में विशेष रूप से प्रशिक्षित हो.

### सीडब्ल्यूपीओ की जिम्मेदारियां

**1. बाल संबंधी कानूनों में प्रशिक्षण:** सीडब्ल्यूपीओ और अन्य पुलिस कर्मियों को बाल संबंधी कानूनों में नियमित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए.

**2. ट्रैक द मिसिंग चाइल्ड पोर्टल:** सीडब्ल्यूपीओ और डेटा एंट्री ऑपरेटर को इस पोर्टल को नियमित रूप से मॉनिटर करने और अपडेट करने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए.

**3. विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठकें:** सीडब्ल्यूपीओ विशेष किशोर पुलिस इकाई की सभी बैठकों का संचालन करे और मॉनिटरिंग के लिए आवश्यक सभी आवश्यक सामग्री बनाए रखे.

**4. बच्चों की देखभाल और सुरक्षा:** सीडब्ल्यूपीओ बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करे, जिसमें बच्चों को चिकित्सा देखभाल और उनके साथ रहने की अवधि के दौरान देखभाल शामिल है.

# पुणे : इंदापुर तालुका की लंबित पानी की समस्या को हम सुलझाएंगे - अजित पवार



**पुणे :** पुणे जिले के इंदापुर तालुका के अकोले गांव में छत्रपती सहकारी शुगर फैक्ट्री के प्रचार के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित गुट) के प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की सभा आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने तीखे शब्दों में विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा, ''मैं किसी से कहूं कि इसे सांसद बनाना है, तो बनाकर ही रहता हूं। अगर कहूं कि इसे हटाना है, तो हटाकर ही दम लेता हूं। मैं किसी के काम में दखल नहीं देता।''

अजित पवार ने कहा कि इंदापुर तालुका की लंबित पानी की समस्या को हम सुलझाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। मैं वादा निभाने वाला आदमी हूं, ऐसा कहते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कृष्णा-भीमा स्थिरीकरण योजना का पानी उजनी डैम में लाने के लिए प्रयास शुरू हैं। सीएसआर के तहत मदद के लिए उन्होंने देश के बड़े उद्योगपतियों से बातचीत की है।

### इसलिए मैं पीछे नहीं हट सकता झ्र अजित पवार

''छत्रपती विद्यालय को फंड देना है,'' यह कहते हुए उन्होंने अपनी औद्योगिक और राजनीतिक पहचान का उल्लेख किया। अजित ने कहा, ''मैं पहले इसमें नहीं पड़ने वाला था, लेकिन सोचा कि मेरी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत इसी कारखाने से हुई थी। फिर बैंक तक पहुंचा, राज्य में पहचान बनी। इसलिए मैं पीछे नहीं हट सकता।'' उन्होंने आगे कहा हमने पुरानी बातें छोड़कर साथ आने का निर्णय लिया है, क्योंकि कारखाने को उसके पुराने गौरव पर लाना जरूरी है।

# पुणे : 2 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**पुणे :** पिंपरी चिंचवाड़ की एक कंपनी से करीब 2 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कंपनी की एक करोड़ की रकम बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि भोसरी एमआईडीसी स्थित कंपनी के अकाउंटेंट को 15 मई को कंपनी के डायरेक्टर के नाम से एक कथित मैसेज मिला। मैसेज में अकाउंटेंट को एक प्रोजेक्ट के लिए क्लाइंट के खाते में 1.95 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा गया था। मैसेज डायरेक्टर के नाम से होने के चलते अकाउंटेंट ने बिना किसी संदेह के रकम ट्रांसफर कर दी। इसके



बाद, असली डायरेक्टर को जब लेनदेन का मैसेज मिला तो धोखाधड़ी के बारे में पता चला। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसमें पता चला कि रकम गुजरात के सूरत में एक बैंक से निकाली गई है। पुलिस बैंक की सीसीटीवी फुटेज से आरोपी जेनिल वाघेला तक पहुंची, जिसे सूरत से गिरफ्तार कर लिया गया।

# मुंबई : महिला पेट फूलने की समस्या से परेशान थी; जांच में पता चला फुटबॉल के आकार का ट्यूमर



**मुंबई :** सेंट जॉर्ज अस्पताल में डॉक्टरों ने नजमुन्निसा खान नाम की एक महिला की जान बचाई। रमजान के महीने से महिला पेट फूलने की समस्या से परेशान थी। जांच में पता चला कि उसके पेट में फुटबॉल के आकार का ट्यूमर है। डॉक्टरों ने सर्जरी करके ट्यूमर निकाला। ओवेरियन ट्यूमर से जूझ रही नजमुन्निसा खान की सेंट जॉर्ज अस्पताल के डॉक्टरों ने सर्जरी कर जान बचा ली है।

कोलाबा की रहने वाली 52 वर्षीय नजमुन्निसा को सांस लेने में तकलीफ, पेट फूलने, यूरिन में समस्या और पैरों में सूजन की शिकायत थी। इलाज के लिए वह सेंट जॉर्ज अस्पताल पहुंचीं, तो पता चला कि पेट में गांठ है।

### ट्यूमर इतना बड़ा की बाल्टी में भरकर जांच के लिए भेजा गया

गांठ का आकार इतना बड़ा था कि डॉक्टरों को संदेह था कि कहीं यह कैंसर की गांठ तो नहीं। आमतौर पर गांठ को जांच के लिए छोटे कंटेनर में भेजा जाता है, लेकिन यह गांठ इतनी बड़ी थी कि बाल्टी के साइज का कंटेनर मंगवाना पड़ा। अच्छी बात यह है कि यह नॉन कैंसर गांठ थी।

# मंत्री बच्चूभाई खाबड़ का बेटा मनरेगा घोटाले में गिरफ्तारः गुजरात पुलिस

**दाहोद।** गुजरात सरकार में मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को 71 करोड़ रुपए के मनरेगा घोटाले में कथित संलिप्तता के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि इस घोटाले में कुछ अनुबंधित एजेंसियों ने काम पूरा किए बिना या सामान की आपूर्ति किए बिना सरकार से भुगतान प्राप्त किया।पुलिस ने दाहोद जिले में तत्कालीन तालुका विकास अधिकारी (टीडीओ) दर्शन पटेल को भी गिरफ्तार किया है, जिससे मामले के संबंध में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या सात हो गई है।देवगढ़बरिया निर्वाचन



क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बच्चूभाई खाबड़ प्रदेश सरकार में पंचायत एवं कृषि मंत्री हैं।पुलिस ने बताया कि कथित घोटाले में 35 एजेंसियों के मालिकों ने सरकारी अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत भुगतान प्राप्त करने के लिए फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र और अन्य दावे पेश कर 2021 और 2024 के बीच 71 करोड़ रुपए की हेराफेरी की।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बलवंत खाबड़ इनमें से एक एजेंसी के मालिक हैं और उन पर आदिवासी बहुल दाहोद जिले के देवगढ़ बारिया और धनपुर तालुका के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में मनरेगा कार्यों में धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस उपाधीक्षक और जांच अधिकारी जगदीशसिंह भंडारी ने बताया, दाहोद पुलिस ने जिले में मनरेगा घोटाले के सिलसिले में बच्चूभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ और तत्कालीन टीडीओ दर्शन पटेल को गिरफ्तार किया है।

# तेजस्वी को लेकर कोई किंतु-परंतु नहीं, हम 50 सीट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक : भाकपा (माले) सांसद

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के सांसद सुदामा प्रसाद ने शनिवार को कहा कि बिहार में महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तेजस्वी यादव के नाम को लेकर कोई किंतु-परंतु और भ्रम की स्थिति नहीं है, लेकिन चुनाव से पहले चेहरा घोषित करने के बारे में फैसला घटक दलों के शीर्ष नेता करेंगे।बिहार के आरा से लोकसभा सदस्य ने पीटीआई भाषा के साथ बातचीत में यह भी कहा कि उनकी पार्टी इस बार 50 सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छुक है और यदि ऐसा होता है तो महागठबंधन के सरकार बनाने की काफी संभावना रहेगी।साथ ही, उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर किसी तरह का विवाद और विरोधाभास नहीं है क्योंकि सबकी प्राथमिकता भाजपा और उसके गठबंधन को हराने की है। बिहार विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर-नवंबर होने की संभावना है।वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भाकपा (माले) लिबरेशन 19 सीट पर चुनाव लड़ी थी और 12 पर जीत हासिल की थी। बिहार में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के गठजोड़ को महागठबंधन के नाम से जाना जाता है। इस गठबंधन में वाम दलों के साथ ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) शामिल हैं।

## उच्च रक्तचाप की नियमित जांच को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना चाहिएः चिकित्सक

**बेंगलुरु।** उच्च रक्तचाप दिवस के मौके पर चिकित्सकों ने कहा है कि भारत की लगभग 30 प्रतिशत वयस्क आबादी इस समस्या से पीड़ित है और यह हृदय रोग, स्ट्रोक और असमय मृत्यु के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक बन गई है।इस अवसर पर चिकित्सकों ने लोगों से सामान्य की अपनी परिभाषा पर पुनर्विचार करने की अपील की है।फरवरी में अपोलो हॉस्पिटल्स द्वारा किए गए हेल्थ ऑफ द नेशन 2025 अध्ययन में पता चला कि देश में लगभग 30 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। अध्ययन में यह भी सामने आया कि 2024 में 45 वर्ष से कम आयु के लोगों में 26 प्रतिशत को उच्च रक्तचाप होने का पता चला। चिकित्सकों के अनुसार, गंभीर बात यह है कि उच्च रक्तचाप से पीड़ित लगभग आधे लोग अपनी स्थिति से अनभिज्ञ हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स की कार्यकारी चेयरमेन डॉ. प्रीता रेड्डी ने कहा कि रोकथाम और शीघ्र इलाज केवल विकल्प नहीं हैं, बल्कि अत्यावश्यक हैं। भारत के शहरी इलाकों में 40 वर्ष से कम आयु के लगभग 30 प्रतिशत लोग हाईपरटेंशन या प्री-हाईपरटेंशन से प्रभावित हैं। इसके लिए स्वास्थ्य सेवा, नीति और सामुदायिक जागरूकता की तत्काल आवश्यकता है ताकि हमारे देशवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।

# मोटापा खामोश सुनामी, 2050 तक एक-तिहाई भारतीय होंगे मोटापे से पीड़ित

**भाषा।** नई दिल्ली



**मोटापा भारत में स**र्वाधिक ध्यान दिए जाने वाले और कम पता चलने वाले स्वास्थ्य संकटों में से एक के रूप में उभरा है और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इसने अब आबादी में फैलने वाली एक खामोश सुनामी का रूप ले लिया है। द लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक लगभग एक तिहाई भारतीय या लगभग 44.9 करोड़ लोग मोटापे से पीड़ित होंगे, जिसमें अनुमानित रूप से 21.8 करोड़ पुरुष और 23.1 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि मोटापा का सीधा संबंध टाइप 2 मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों, फैटी लीवर, हार्मोनल विकारों, संतान पैदा करने में सक्षम न होना और यहां तक कि कुछ कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ने से है। भारत में मधुमेह पीड़ित लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जो अनुमानित 10.1 करोड़ से अधिक है। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों का निदान कम उम्र में ही किया जा रहा है। एम्स के मेडिसिन विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. नीरज निश्चल ने कहा कि 20 और 30 की उम्र के लोगों में गैर-संचारी रोगों में खतरनाक वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण शरीर का वजन बढ़ना है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, दिल्ली में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपेटोलॉजी विभाग के निदेशक और प्रमुख तथा एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष एवं डीन डॉ. राजेश उपाध्याय ने कहा कि मोटापे की महामारी का तत्काल समाधान नहीं किया गया तो यह देश के स्वास्थ्य सेवा ढांचे और आर्थिक उत्पादकता पर असहनीय बोझ डालेगी। उन्होंने कहा कि मोटापा अब व्यक्तिगत पसंद नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि आज यह देश में सबसे बड़े चिकित्सा जोखिम कारकों में से एक बन गया है। उपाध्याय ने कहा, मोटापा कोई दिखावटी समस्या नहीं है। यह एक नैदानिक, प्रणालीगत चिंता है जो फैटी लीवर, मधुमेह, जठरांत्र संबंधी जटिलताओं और हृदय रोग जैसी बीमारियों में वृद्धि का कारण बन रही है। अपने चिकित्सकीय परामर्श में, मैं हर दिन इसके परिणाम देखता हूं। इस संबंध में, हमें जागरूकता अभियानों से आगे बढ़कर स्कूलों, कार्यालयों, अस्पतालों और यहां तक कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में गहन निवारक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। सर गंगा राम अस्पताल में आंतरिक चिकित्सा के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. मोहसिन वली ने कहा कि यह संकट खामोशी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके परिणाम विनाशकारी हैं। उन्होंने कहा, यह भारत की खामोश सुनामी है। यह दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका असर अस्पताल में भर्ती होने वालों, लंबी बीमारियों में वृद्धि और कम उम्र में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के होने से स्पष्ट है। हमें इसे राष्ट्रीय आपातकाल के रूप में देखना चाहिए। रोकथाम संस्थागत स्तर पर शुरू होनी चाहिए – हम स्कूल और अस्पताल की कैंटीन में क्या परोसते हैं, हम युवा चिकित्सकों को क्या सिखाते हैं और हम जोखिम की जांच कैसे करते हैं – इन सभी में बदलाव होना चाहिए।

## केंद्र ने ओछी राजनीति के कारण शिक्षा निधि रोक दीः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि उसने अपनी ओछी राजनीति के कारण राज्य को मिलने वाली शिक्षा निधि रोक दी है। स्टालिन ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा कि तमिलनाडु सरकार ने त्रि-भाषा नीति पर सहमति नहीं जताई है, इसलिए केंद्र ने 2,152 करोड़ रुपए जारी नहीं किए हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा नीत केंद्र ने अपनी ओछी राजनीति के कारण तमिलनाडु सरकार को दी जाने वाली शिक्षा निधि रोक दी है। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार केंद्र द्वारा शिक्षा निधि जारी न करने को चुनौती देने के लिए निश्चित रूप से उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपाल मामले में राज्य की सफलता की तरह, जिसमें विधेयकों पर राज्यपालाराष्ट्रपति के लिए समय सीमा तय की गई थी, तमिलनाडु शिक्षा निधि से संबंधित मामले में भी जीत हासिल करेगा। शिक्षा को संविधान की राज्य सूची में लाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और यदि शिक्षा को राज्य सूची में नहीं डाला गया तो यह सभी के लिए उपलब्ध नहीं होगी। उन्होंने एक बार फिर इस विषय पर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के रुख की पुष्टि की।

# अमेरिका के मध्य पश्चिम में भीषण तूफान के कारण 16 लोगों की मौत



**सेंट लुइस (अमेरिका)।** अमेरिका के समूचे मध्यपश्चिम भाग में तूफान के कारण 16 लोगों की मौत हो गई है। इनमें दक्षिण-पूर्वी केंटुकी में आए बवंडर के कारण मारे गए नौ लोग भी शामिल हैं। केंटुकी के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात को लॉरेल काउंटी में आए बवंडर के कारण भी कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। लॉरेल काउंटी के शेरिफ जॉन रूट के कार्यालय ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए क्षतिग्रस्त क्षेत्र में तलाश अभियान जारी है। इस बीच, मिसौरी में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई तथा अधिकारी घर घर जाकर फंसे या घायल हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। मिसौरी में कम से कम एक बवंडर सहित कई बार तूफान आया। ए तूफान शुक्रवार को आई भीषण मौसम प्रणाली का हिस्सा थे जिसके कारण विस्कॉन्सिन में बवंडर आया, ग्रेट लेक्स क्षेत्र में लाखों उपभोक्ताओं को बिजली के बिना रहना पड़ा तथा टेक्सास में भीषण गर्म हवाएं चलीं। शुक्रवार अपराह्न आए तूफान के कारण इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, पेड़ एवं बिजली के तार और खंभे गिर गए। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। सेंट लुइस की मेयर कैरा स्पेंसर ने मीडिया से बातचीत के दौरान अपने शहर में कम से कम पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि 5,000 से अधिक मकान इससे प्रभावित हुए हैं। स्पेंसर ने कहा, यह वाकई विनाशकारी है। उन्होंने कहा कि शहर में आपात स्थिति घोषित करने की प्रक्रिया जारी है और जिन इलाकों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है वहां शुक्रवार को रातभर का कर्फ्यू लगा दिया गया। घायलों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल पाया है। बार्न्स-जूइश अस्पताल की प्रवक्ता लॉरा हाई के अनुसार, अस्पताल में तूफान के कारण घायल हुए 20 से 30 लोगों को भर्ती कराया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है, जबकि अधिकतर को शुक्रवार रात तक छुट्टी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सेंट लुइस चिल्ड्रंस हॉस्पिटल में 15 मरीज भर्ती हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सेंट लुइस क्षेत्र मे मिसौरी के क्लेटन में अपराह्न दो बजकर 30 मिनट से दो बजकर 50 मिनट के बीच भीषण तूफान आया।

## अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता जारी रखेगा ईरान : राष्ट्रपति पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि उनका देश परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखेगा, लेकिन अमेरिकी धमकियों के कारण अपने अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रपति पेजेशकियान ने शनिवार को नौसेना अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, हम बातचीत कर रहे हैं और हम बातचीत करेंगे, हम युद्ध नहीं चाहते हैं, लेकिन हमें किसी खतरे का डर नहीं है। राष्ट्रपति के इस संबोधन को सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि अगर वे हमें धमकाएंगे, तो हम अपना मानवाधिकार और वाजिब अधिकार छोड़ देंगे। हम पीछे नहीं हटेंगे, हम सभी क्षेत्रों में सम्मानजनक सैन्य, वैज्ञानिक, परमाणु क्षमता आसानी से नहीं खोएंगे। वार्ता विशेषज्ञ स्तर पर पहुंच गई है, जिसका अर्थ है कि दोनों पक्ष संभावित समझौते के विवरण पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, एक बड़ा मुद्दा ईरान द्वारा यूरेनियम संवर्धन करना है, जिस पर तेहरान जोर देता है कि उसे ऐसा करने की अनुमति दी जानी चाहिए और अमेरिका लगातार कह रहा है कि इस्लामिक गणराज्य को ऐसा करना छोड़ देना चाहिए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो वे ईरान के कार्यक्रम को निशाना बनाकर हवाई हमले करेंगे। ईरानी अधिकारी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वे अपने यूरेनियम भंडार को समृद्ध करके परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकते हैं। इससे पहले, शुक्रवार को ट्रंप ने कहा था कि वार्ता के दौरान ईरान को एक प्रस्ताव मिला है, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। इस सप्ताह क्षेत्र की अपनी यात्रा के दौरान ट्रंप ने लगभग हर कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया कि ईरान को परमाणु बम हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। ईरान के परमाणु संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लाम ने कार्यक्रम की शांतिपूर्ण प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी द्वारा निरंतर निगरानी में है। इस्लाम ने कहा, किसी भी देश की निगरानी हमारी तरह एजेंसी द्वारा नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने 2024 में देश के परमाणु प्रतिष्ठानों का 450 से अधिक बार निरीक्षण किया।

# यूक्रेन के उत्तर पूर्वी हिस्से में रूसी ड्रोन हमले में नौ लोगों की मौत : अधिकारी

**भाषा।** कीव



**यूक्रेन के** उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में शनिवार को रूस के एक ड्रोन ने एक यात्री बस को निशाना बनाया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली बार हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्धविराम पर सहमति नहीं बन सकी।यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने सुमी के बिलोपिलिया शहर में हमले के बाद की तस्वीरें जारी कीं, जो रूसी सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। एसोसिएटेड प्रेस स्वतंत्र रूप से घटना के विवरण की पुष्टि नहीं करता है। मॉस्को की ओर से कोई टिप्पणी जारी नहीं की गई। सुमी क्षेत्रीय प्रशासन ने टेलीग्राम ऐप पर एक पोस्ट में कहा, यह रूस द्वारा किया गया एक और अपराध है। नागरिक परिवहन पर जानबूझकर किया गया हमला है, जिससे किसी को कोई खतरा नहीं था। रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को अस्थाई युद्धविराम पर सहमति के प्रयास में तुर्किए में बैठक की, लेकिन वार्ता दो घंटे से भी कम समय में बिना किसी सफलता के समाप्त हो गई।रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन से युद्ध छेड़ दिया था।

## भारत- पाकिस्तान मामले में बड़ी सफलता हासिल की जिसका उचित श्रेय मुझे कभी नही दिया जाएगा: ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान से बातचीत करना और उन्हें (पूर्ण युद्ध) के कगार से वापस लाना उनकी इतनी बड़ी सफलता है कि उसका उचित श्रेय उन्हें कभी नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बहुत नफरत है और तनाव उस स्तर पर पहुंच गया था जहां अगला चरण संभवत: परमाणु (इस्तेमाल) था। ट्रंप ने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज से एक साक्षात्कार में कहा, यह मेरी इतनी बड़ी सफलता है कि इसका उचित श्रेय मुझे कभी नहीं मिलेगा। वे बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। उनमें जरा भी समानता नहीं है। वे आक्रोशित थे। साक्षात्कार के दौरान ट्रंप से पश्चिम एशिया की उनकी यात्रा से पहले की"विदेश नीति की कुछ सफलताओं" का जिक्र करते हुए पूछा गया कि क्या उन्होंने भारत और पाकिस्तान को फोन किया था। ट्रंप ने जवाब दिया,"हां, मैंने किया था। साक्षात्कार लेने वाले ने कहा कि यह एक सफलता है। ट्रंप ने कहा, क्या आपने देखा कि यह (संघर्ष) किस दिशा में जा रहा था? यह जैसे को तैसा की तरह था। यह गहराता जा रहा था। मेरा मतलब है कि मिसाइलों का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा था। दोनों मजबूत हैं। लिहाजा अगले जिस चरण पर यह पहुंचने वाला था, आप जानते हैं कि वह क्या है? एन। साक्षात्कार लेने वाले ने पूछा कि क्या एन शब्द का मतलब न्यूक्लियर (परमाणु) है?

### यूक्रेन में युद्ध पर चर्चा के लिए सोमवार को पुतिन को फोन करूंगा : ट्रंप

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध के बारे में सोमवार को रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात करेंगे। ट्रंप ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विषय होगा "रक्तपात रोकना। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और नाटो के सदस्यों से भी बात करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, उम्मीद है कि यह एक उपयोगी दिन होगा।

## मुंबई पुलिस की कार्रवाई

# मानखुर्द और पवई इलाके से आठ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई :** अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ मुंबई पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए मानखुर्द और पवई इलाके से आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। इस ताजा कार्रवाई में पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पांच पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए घुसपैठियों की पहचान पियार अली, फरीद अली, सुहाना शेख, असलम शेख, मोहम्मद बरकत शेख और मोहम्मद अकबर अली युनूस शेख के तौर पर हुई है।

**मिल्की टाउन से होता है सबसे ज्यादा घुसपैठ का रास्ता**

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जो खुलासे किए हैं, वो बेहद चौंकाने वाले हैं। सभी आरोपियों ने माना कि वे बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के मिल्की टाउन इलाके के रास्ते भारत में दाखिल हुए थे। उनका कहना है कि बांग्लादेश की सीमा से मिल्की टाउन महज 10 से 15 किलोमीटर की दूरी पर है और सड़क या नदी मार्ग से वहां पहुंचना बहुत आसान है। स्थानीय दलालों की मदद से वे चुपचाप सीमा पार करके भारत में



घुसे और फिर ट्रेन पकड़कर सीधे मुंबई आ पहुंचे।

**फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर सालों से रह रहे थे मुंबई में**

मुंबई पहुंचने के बाद ये सभी घुसपैठिए स्थानीय दलालों के संपर्क में आए और उनके जरिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर यहां किराए के मकानों में रहने लगे। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड जैसी जरूरी पहचान पत्र भी शामिल हैं। पुलिस ने इन लोगों के पास से कई फर्जी दस्तावेज बरामद भी किए हैं।

**सोशल मीडिया के जरिए बांग्लादेश से संपर्क में थे घुसपैठिए**

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि ये सभी बांग्लादेशी घुसपैठिए आईएमओ और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप वगैरह के जरिए अपने परिवार और रिश्तेदारों से लगातार संपर्क में रहते थे। इससे साफ है कि वे भले ही भारत में अवैध रूप से रह रहे हों, लेकिन उनका संबंध बांग्लादेश से पूरी तरह नहीं टूटा था।

मुंबई पुलिस को 3 मई को खुफिया सूत्रों से यह जानकारी मिली थी कि मानखुर्द और पवई इलाके में कुछ अवैध बांग्लादेशी छिपे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने एक विशेष योजना बनाई और दोनों इलाकों में जाल बिछाया। जैसे ही संदिग्धों की पहचान हुई, तुरंत कार्रवाई की गई और सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सभी ने अपना गुनाह कबूल किया और बताया कि वे पिछले कई सालों से मुंबई में रह रहे थे।

मुंबई पुलिस के मुताबिक, साल 2025 के पहले चार महीनों में ही 550 से ज्यादा बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें से 180 को डिपोर्ट भी किया जा चुका है। वहीं 2024 में यह संख्या 350 थी, जिनमें से 100 को बांग्लादेश वापस भेजा गया था। ये आंकड़े इस ओर इशारा करते हैं कि बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है और मुंबई जैसे महानगरों में इनका नेटवर्क गहराता जा रहा है।

# मुंबई : 20 और 21 मई, 2025 को जंबो ब्लॉक का ऐलान



**मुंबई :** लोकल ट्रेन के यात्रियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। पश्चिम रेलवे ने 20 और 21 मई, 2025 को जंबो ब्लॉक का ऐलान किया है। ये नाइट जंबो ब्लॉक 20 और 21 मई को रात 01:00 बजे से 04:30 बजे तक रहेगा। जंबो ब्लॉक रेल की पटरियों, सिग्नलिंग सिस्टम और ओवरहेड उपकरणों के मेंटेनेंस के चलते किया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे द्वारा दी गई सूचना के अनुसार मुंबई के वसई रोड और भयंदर स्टेशनों के बीच अप और डाउन स्लो दोनों लाइनों ये नाइट जंबो ब्लॉक रहेगा। इसे मुंबई लोकल ट्रेन सर्विस की सुरखा और यात्रियों के सफर को और अधिक आरामदायक बनाने के लिए किया जा रहा है।

इस रूट पर रहेगा डायवर्जन और कुछ ट्रेनें रहेंगी रद्द इस रखरखाव अवधि के दौरान, सभी स्लो लाइन की ट्रेनों को विरार/वसई रोड और बोरीवली/भायंदर के बीच फास्ट लाइनों पर भेजा जाएगा। ट्रेन सेवाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित किए बिना जंबो ब्लॉक को लागू किया जाएगा आवश्यक है। हालांकि, यात्रियों को ध्यान देना देने वाली कुछ अप और डाउन लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। पालघर स्टेशन पर रहेगा अतिरिक्त स्टापेज यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिमी रेलवे ने पालघर स्टेशन पर दो जोड़ी ट्रेनों के अतिरिक्त स्टापेज की भी घोषणा की है। 17 मई, 2025 से शुरू होने वाली ट्रेन संख्या 22955 बांद्रा टर्मिनस-भुज कच्छ एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12490 दादर-बीकानेर एक्सप्रेस, अपनी वापसी यात्राओं के साथ पालघर स्टेशन पर रुकेंगी। इस अतिरिक्त ठहराव से कई यात्रियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। पश्चिम रेलवे के इस निर्णय का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

इसके अलावा अतिरिक्त स्टॉप के लिए टाइम टेबल के अनुसार ट्रेन संख्या 22955 पालघर स्टेशन पर 19:00 बजे पहुंचेगी और 19:02 बजे रवाना होगी, जो बांद्रा टर्मिनस से अपनी यात्रा शुरू करेगी। इसी तरह, वापसी यात्रा और दादर-बीकानेर एक्सप्रेस ने पालघर में इन सेवाओं का लाभ उठाने वाले यात्रियों के लिए सुगम संक्रमण की सुविधा के लिए आगमन और प्रस्थान का समय निर्धारित किया गया है।

# मुंबई : कई इलाकों में बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत



**मुंबई :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं शनिवार की सुबह महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी बारिश देखने को मिली। मुंबई के कई इलाकों में बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि इस बेमौसम बारिश के बीच भी लोगों को ऑफिस जाते देखा गया। मुंबई में सुबह-सुबह हुई बारिश का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा रहा है कि बारिश के बीच गाड़ियां सड़कों पर दौड़ रही हैं।

**राजधानी दिल्ली में भी बारिश**

इसके अलावा आईएमडी ने शनिवार को दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी दिल्ली में शनिवार शाम को बारिश हुई थी। वहीं मौसम विभाग की मानें तो आज शनिवार को भी दिल्ली के कई इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। दिल्ली में 18 से 21 मई तक अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी और दिन के समय आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं 22 मई को दिल्ली में गरज के साथ बारिश होने का पूवार्नुमान है।

**अगले पांच दिनों के मौसम का हाल**

भारतीय मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक देश के कई इलाकों में लगातार बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई है। मीडिया से बात करते हुए, भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक अखिल श्रीवास्तव ने बताया कि दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में अगले पांच दिनों तक लगातार बारिश, आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलेंगी। मध्य भारत में भी इसी तरह का मौसम रहने की उम्मीद है। श्रीवास्तव ने कहा, ''देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में भी अगले पांच दिनों तक बारिश जारी रहेगी।''

# ठाणे : शाहपुर-कसारा क्षेत्र के फुगले गांव में एक ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया



**ठाणे :** शाहपुर-कसारा क्षेत्र के फुगले गांव में एक ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया। ये ड्रोन पहाड़ों में घूमते समय बच्चों को दिखाई दिया, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही कसारा पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान ये स्पष्ट हुआ कि ड्रोन जल संसाधन विभाग का था और वैतरणा बांध का सर्वेक्षण करने के लिए उपयोग किया जा रहा था।

संभवतः सर्वेक्षण के दौरान ड्रोन निर्धारित सीमा से बाहर चला गया, जिससे वह वहां गिर गया। फिलहाल पुलिस ने इस ड्रोन को जब्त कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# मुंबई: जोगेश्वरी इलाके में दो ड्रग्स सप्लायरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से करीब 2 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई एक बार फिर ड्रग्स रैकेट के जाल में उलझी नजर आई, लेकिन इस बार क्राइम ब्रांच ने तस्करों को मुंहतोड़ जवाब दिया। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 5 ने जोगेश्वरी इलाके में दो ड्रग्स सप्लायरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से करीब 2 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस जहर की कीमत लगभग 4 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

क्राइम ब्रांच को जोगेश्वरी बस डिपो के पास दो संदिग्धों की गतिविधियों पर शक हुआ। जब तलाशी ली गई तो उनके पास से भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ अंबोली पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है और फिलहाल वे हिरासत में हैं। पुलिस अब इस बात की जांच में



जुटी है कि यह ड्रग्स कहां से लाया गया था और किन-किन ग्राहकों तक पहुंचाया जाना था।

मुंबई पुलिस को संदेह है कि यह गिरफ्तारी एक बड़े ड्रग नेटवर्क की परतें खोल सकती है। जानकारी के अनुसार, बरामद माल केवल एक खेप भर है, इसके पीछे एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क सक्रिय हो सकता है। यह कार्रवाई तब हुई है जब बीते महीने अप्रैल में क्राइम ब्रांच ने मीरा-भायंदर इलाके में ''ड्रग्स क्वीन'' कही जाने वाली सबीना शेख को भारी मात्रा में कोकीन और नकदी के साथ गिरफ्तार किया था। उस समय क्राइम ब्रांच यूनिट-1 (काशीमीरा) ने 14.868 किलोग्राम कोकीन बरामद की थी, जिसकी कीमत लगभग 22.33 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

सबीना की गिरफ्तारी के बाद जो कड़ी-दर-कड़ी कार्रवाई हुई, उसने मुंबई पुलिस के लिए एक नया ऑपरेशन खोल दिया। उसी कड़ी में नाइजीरियाई नागरिक एंडी उबाबुदिके ओनींसे को गिरफ्तार किया गया, जिसके घर से 2.604 किलोग्राम कोकीन और नकदी बरामद की गई। फिर वसई के एवरशाइन नगर से कैमरून की नागरिक क्रिस्टाबेल एनजेई को पकड़ा गया, जिसके पास से 64.98 लाख रुपये की कोकीन, भारतीय और विदेशी मुद्रा जब्त की गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com